जय नारी शक्ति

उत्तर क्षेत्रीय महिला मंच द्वारा गत १६ अप्रैल २०१६ को शिक्षा समिति की तरफ से भारत की प्रत्यहं शिक्षिका सावित्री बाई फुले के सम्मानार्थ एक बालिकाओ के लिए शिष्यवृत्ति योजना को लागू किया गया । लाभ मुम्बई के २० विद्यालयो की छात्राओंने पाया ।

शिक्षा समिति सचिव श्रीमती साधना जी ने छात्राओ का चयन किया था । इस कार्यक्रम की शोभा को लिए प्रोफेसर मधुलिका पांडे जी को विशेष रूप से आमन्त्रित किया गया धीरूभाई अमबानी अंतरराष्ट्रीय विद्यालय की विभागाध्यक्ष है ,इन्होंने श्रवण कौशल नामक विधा को सुव्यवस्थित तरीके से छात्रो को न केवल भारत में अपितु विदेशो में भी अवगत करवाया ।

अगले मुख्य अतिथि थे गीतकार समीर जिन्होंने गिनिजवर्ल्ड   बुक में अपने गीतों के लिए अपना नाम दर्ज करवाया और इस कार्यक्रम में कुछ गीतों की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम बढ़ाई ।

पद्मश्री का सन्मान पाने वाली हमारी प्रिय डॉ शोमा घोष के कजरी के गीतों ने समां बांध दिया ।

डॉ.राजेंद्र सिंह जी, (मानद मंत्री हिंदी प्रचार सभा)

कृपा शंकर सिंह जी (भूतपूर्व गृहमंत्री) जी

अशोक जी (वरिष्ठ अधिवक्ता ,उच्च न्यायालय) की उपस्थिति से कार्यक्रम को चार चाँद लग गए ।

उत्तर क्षेत्रीय महिला मंच की अध्यक्ष डॉ पुष्पा सिंह जी ने अपने मंच की भावी योजनाओ के बारे में लोगो को अवगत करवाया । " बेटी बचाओ ,बेटी पढ़ाओ " के नारे का समर्थन करते हुए अपने मन्तव्य को साझा किया की नारी शक्ति के विकास में ही देश निहित है ।

उन्होंने भविष्य में और भी शिष्यवृती योजना को क्रियान्वित करने की घोषणा की ।

कार्यक्रम का समापन जनसंपर्क समिति की सचिव सरिता सिंह जी के द्वारा समपान हुआ । कार्यक्रम के अंत में प्रिति भोज की भी व्यवस्था की गयी थी |